BOSCO ARTS AND SCIENCE COLLEGE
LIBRARY
ANGADIKADAVU

M 2423

Reg. No. : ..............................

Name : ..................................

**I Semester B.A./B.Sc./B.Com./B.B.A./B.B.A.T.T.M./B.B.M./B.C.A./B.S.W./ B.A. Afsal Ul Ulama Degree (CCSS – Reg./Supple./Improv.) Examination, November 2012**
**COMMON COURSE IN HINDI (1A07 – HIN)**
**(2010 Admn. Onwards)**
**Poetry and Short Stories (for B.A./B.Sc.)**

Time : 3 Hours Total Weightage : 25

**निर्देश** : किन्हीं दो अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **(Weightage 2×2=4)**

1. इहि अन्तर अकुलाई उठे हरि जसुमति मधुरे गावै।
जो सुख 'सूर' अमर मुनि दुरलभ सो नँदभामिनि पावै ।।

2. लोग कहैं मीरा हो गई बावरी, सास कहै कुलनासी रे।
जहर का प्याला राणाजी भेज्या, पीवत मीरा हांसी रे ।।

3. चकई बिछुरी रैनि की, आइ मिली परभाति।
जे जन बिछुटे राम सौं, ते दिन मिले न राति ।।

4. मन मथुरा, दिल द्वारिका, काया कासी जाँनि।
दस द्वारे का देहरा, तामें जोति पिछांनि ।।

**निर्देश** : किन्हीं **तीन** अवतरणों की व्याख्या कीजिए : **(Weightage 2×3=6)**

5. पशु नहीं, वीर तुम
समर शूर, क्रूर नहीं
काल–चक्र में ही दबे
आज तुम राज– कुँवर !

6. धूप बने उडते जाते हैं प्रतिपल मेरे स्पन्दन रे !
प्रिय प्रिय जपते अधर, ताल देता पलकों का नर्तन रे !

7. ऐसा ही वक्त आ गया है
जब माँ का बच्चे को दूध भी पिलाना
गुनाह है।

P.T.O.

8. संयोग यह भी था कि उसी समय राजधानी में
   देश के प्रथम नागरिक का शपथ समारोह था।

9. कवि एक लय है
   थकान में गिरी हुई
   क्या तुमने सुना ?
   और तुम्हें खुशी है।

निर्देश : किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **(Weightage 2×3=6)**

10. कबीर की काव्य-कला पर विचार कीजिए।

11. समकालीन कविता में धूमिल का स्थान क्या है ?

12. 'हत्यारा' कविता की विषय वस्तु कौन-सी है ?

13. पठित कविता के आधार पर महादेवी वर्मा की काव्य शैली को स्पष्ट कीजिए।

14. 'मैं तुम लोगों से दूर हूँ' कविता का संदेश क्या है ?

निर्देश : किसी एक प्रश्न का विस्तृत उत्तर लिखिए : **(Weightage 4×1=4)**

15. पठित कविता के आधार पर अज्ञेय की काव्य-कला का परिचय दीजिए।

16. मीराबाई की भक्ति भावना एवं काव्य-कला पर प्रकाश डालिए।

17. 'जागो फिर एक बार' कविता की सामाजिक एवं ऐतिहासिक पृष्ठभूमि की विवेचना कीजिए।

निर्देश : निम्नलिखित सवालों के जवाब लिखिए : **(Weightage 1×1 bunch =1)**

18. अ) धूमिल का असली नाम क्या है ?
    आ) 'साहित्य लहरी' का रचयिता कौन है ?
    इ) मुक्तिबोध का पूरा नाम क्या है ?
    ई) 'सरोज-स्मृति' किसकी रचना है ?

निर्देश : किसी एक कहानी का सारांश लिखकर उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए : **(Weightage 4×1=4)**

19. नशा।

20. पिता।

---